63

# राजस्थान–सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

कमांक :– एफ. 3 (ख) ए–290/2011/अलेसे–II/ दिनांक :–

श्री अनिल कुमार पुत्र श्री मोहन लाल,
मकान न0 1/173, राजस्थान आवासन मण्डल,
चूरू रोड़, झुन्झुनू – 333001 ।

विषयः– लेखाकार के पद पर कार्यग्रहण करने के संबंध में नोटिस ।
प्रसंगः–निदेशालय का पत्रांक 14/2013–14 दिनांक 29 मई, 2014 ।

विषयान्तर्गत लेख है कि आपको राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित लेखाकार (संयुक्त प्रतियोगी) सीधी भर्ती परीक्षा, 2011 में सफल घोषित होने के उपरान्त पुलिस वेरीफिकेशन की कार्यवाही पूर्ण होने एवं आवश्यक प्रमाण पत्र विभाग में उपलब्ध कराने के उपरान्त विभागीय आदेश कमांक 4458–73 दिनांक 29.05.2014 के द्वारा लेखाकार के पद पर नियुक्ति प्रदान की जाकर कार्यालय जिला रसद अधिकारी, जैसलमेर में पदस्थापन के आदेश जारी कर दिनांक 13 जून, 2014 तक कार्यग्रहण करने के आदेश जारी किए गये थे, किन्तु विभागीय आदेशों की अनुपालना एवं जिला रसद अधिकारी, जैसलमेर से प्राप्त सूचना अनुसार आदिनांक आपके द्वारा लेखाकार पद पर कार्यग्रहण नहीं किया गया है ।

आपको अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 30 जुलाई, 2014 तक आवश्यक रूप से जिला रसद अधिकारी, जैसलमेर में कार्यग्रहण कर विभाग को शीध्र अवगत करावें । उक्त दिवस तक अपने पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण नहीं करने की स्थिति में आपके लेखाकार पदप" किए गए नियुक्ति आदेश स्वतः ही निरस्त समझे जावेगें ।

(वीरबाला जोशी)
निदेशक

कमांक :– एफ. 3 (ख) ए–290/2011/अलेसे–II/6340-46 दिनांक :– 21-7-14

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवयक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–**

1. शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, राजस्थान जयपुर ।
2. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
3. जिला रसद अधिकारी, जैसलमेर को उनके पत्र कमांक 296 दिनांक 13.06.2014 के कम में प्रेषित कर लेख है कि संबंधित अभ्यर्थी द्वारा आपके कार्यालय में उपस्थिति देते समय राजस्थान सेवा नियमों के नियम 10 के अनुसार निर्धारित स्वास्थ्य परीक्षा प्रमाण पत्र (जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा उससे उच्च पद के चिकित्सा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र ) प्राप्त करने के पश्चात् ही उपस्थिति स्वीकार की जावे तथा कार्यग्रहण रिपोर्ट इस विभाग को भिजवाने की व्यवस्था करावें ।
4. श्री अनिल कुमार पुत्र श्री मोहन लाल, मकान न0 1/173, राजस्थान आवासन मण्डल, चूरू रोड़, झुन्झुनू – 333001 को प्रेषित कर निर्देश दिये जाते है कि वे दिनांक 20 जुलाई, 2014 तक विभागीय आदेशों की अनुपालना में निर्धारित नियुक्ति/पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण कर कार्यग्रहण रिपोर्ट विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से निदेशालय कोष एवं लेखा में भिजवाया जाना सुनिशचित करें ।
5. उपनिदेशक (एसीपी) कम्प्यूटर अनुभाग को वेबसाइट पर अपलोड करने वास्ते ।
6. ~~निजी सहायक निदेशक महोदया ।~~
7. रक्षित/निजी पत्रावली ।

(के0एम0मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)